
लखनऊ, मंगलवार
10 सितंबर 2019
नगर संस्करण
मूल्य ₹4.00
पृष्ठ 16+4=20

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
उत्तरप्रदेश, दिल्ली, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित





# इंजीनियर्स ने मनाया रॉयल चार्टर दिवस

**जासं, लखनऊ :** सोमवार को दि इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) यूपी स्टेट सेंटर ने रिवर बैंक कालोनी स्थित संस्थान में रॉयल चार्टर दिवस का आयोजन किया। 1935 में संस्था को ब्रिटिश सरकार द्वारा रॉयल चार्टर प्रदान किया गया। इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स के कौंसिल सदस्य एवं सिविल इंजीनियरिंग डिवीजन बोर्ड के अध्यक्ष वीबी सिंह ने बताया कि प्रथम विश्व युद्ध के बाद सर थामस होलैंड की अध्यक्षता में 1920 में इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) की स्थापना की स्वीकृति मिली। 1921 में तत्कालीन वायसराय एवं गवर्नर जनरल लार्ड चैमस फोर्ड द्वारा संस्था का उद्घाटन किया। आज भारत में संस्था के 123 स्टेट एवं लोकल सेंटर कार्यरत हैं। इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) अनौपचारिक तकनीकी शिक्षा पाठ्यक्रम प्रदान करती है।